<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–16 जुलाई 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के पृथ्वी पर सकुशल वापसी से गौरवान्वित हुआ पूरा देश, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा–शुभांशु शुक्ला की इस यात्रा के दौरान समर्पण और साहस की भावना से प्रेरित हुए लाखों लोग।
- विश्व युवा कौशल दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो दिवसीय कौशल मेले और प्रदर्शनी का किया उद्घाटन, कहा–स्किल्ड युवा ही आत्मनिर्भर भारत की असली ताकत।
- लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को लखनऊ की एमपी–एमएलए अदालत ने दी जमानत, तेरह अगस्त को होगी मामले की अगली सुनवाई।
- भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण–यूआईडीएआई ने सात वर्ष तक के बच्चों का अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट कराने की अपील की।

**********

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और एक्सिओम–फोर मिशन के चालक दल के तीन अन्य सदस्य अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर अपने अठारह दिन के ऐतिहासिक मिशन के बाद कल सकुशल पृथ्वी पर लौट आए । प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान अमरीका के कैलिफोर्निया के सैन डिएगो तट से दूर प्रशांत महासागर में उतरा। चालक दल के सदस्यों को पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण से अनुकूलन के लिए सात दिन के पुनर्वास कार्यक्रम से गुजरना होगा। ग्रुप कैप्टन शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का दौरा करने वाले पहले भारतीय और 1984 में अंतरिक्ष में गए विंग कमांडर राकेश शर्मा के बाद दूसरे भारतीय अंतरिक्ष यात्री हैं। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष केन्द्र पर अपने प्रवास के दौरान, शुभांशु शुक्ला ने विशिष्ट सूक्ष्म–गुरुत्वाकर्षण प्रयोग किए। इस उपलब्धि के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरिक्ष मिशन से शुभांशु शुक्ला की सुरक्षित वापसी की सराहना की है। राष्ट्रपति ने कहा कि एक्सिओम मिशन 4 के संचालन में ग्रुप कैप्टन शुक्ला की भूमिका भारत की अंतरिक्ष अन्वेषण में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की इस यात्रा के दौरान समर्पण और साहस की भावना से लाखों लोग प्रेरित हुए हैं। श्री मोदी ने कहा कि यह देश के मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन – गगनयान की दिशा में एक मील का पत्थर है। समाचार कक्ष से नेहा गोस्वामी।***

लखनऊ में, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के परिवार ने उनके स्कूल में उनकी वापसी का सीधा प्रसारण देखा। उनके सकुशल वापसी पर प्रदेश में खुशी का माहौल है। एक रिपोर्ट–

***शुभांशु की ऐतिहासिक वापसी पर लखनऊ में उनके घर को जहां पोस्टरों और झालरों से सजाया गया। वहीं उनके स्कूल में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां शिक्षक और छात्रों के साथ शुभांशु के परिवार वाले मौजूद रहे। माता–पिता की आंखें बेटे की धरती पर सकुशल वापसी को देखकर नम हो गईं। बेटे की सफल लैंडिंग पर भावुक शुभांशु की मां आशा शुक्ला ने कहा कि वह इस क्षण की खुशी को शब्दों में नहीं बयां कर सकतीं।***

***बेटा हमारा सकुशल लौट आया है, इसलिए बहुत–बहुत सबको धन्यवाद। बेटा इतने दिनों बाद लौटा है तो थोड़ा भावुक होना बनता है।***

***शुभांशु शुक्ला के पिता शंभू दयाल शुक्ला ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह भावुक पल है।***

***ये भावुक पल है, बहुत अच्छा लग रहा है इस समय जो है, हम लोग बच्चे को देखकर बहुत खुश है। यात्रा अच्छी रही, उसका मिशन पुरा हुआ। ईश्वर को बहुत–बहुत धन्यवाद।***

***मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्सिओम–फोर मिशन की सफलता पर ग्रुप कैप्टन शुभांशु और उनकी टीम को बधाई दी। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि शुभांशु शुक्ला की उपलब्धि साहस, समर्पण और विज्ञान के प्रति संकल्प का गौरवपूर्ण प्रतीक है। आज हर भारतीय, विशेषकर उत्तर प्रदेशवासी गौरवान्वित है। ओम अवस्थी, आकाशवाणी समाचार लखनऊ।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर कल लखनऊ में दो दिवसीय कौशल मेले और प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने एआई और डिजिटल कौशल के माध्यम से युवा सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि स्किल्ड युवा ही आत्मनिर्भर भारत की असली ताकत हैं।

***आपने पिछले आठ वर्ष के अंदर इस बात को महसूस किया होगा कि कानून व्यवस्था अच्छी होती है तो देखते ही देखते निवेश की भी झड़ी हमें देखने को मिलती है। पंद्रह लाख करोड़ रूपये से अधिक के निवेश के प्रस्ताव यूपी के अंदर आए। ये सभी निवेश के प्रस्ताव प्रदेश के अंदर युवाओं के लिए नए अवसर भी प्रदान करते हैं ।***

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने पंद्रह युवाओं को 'यूथ आईकॉन' सम्मान और ग्यारह युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए। इसके अलावा, प्रदेश के लिए पांच स्किल रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उन्होंने उद्योग प्रतिनिधियों को 'इंडस्ट्री एम्बेसडर'सम्मान

से भी सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रयागराज के मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के साथ नॉलेज पार्टनर के रूप में समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर भी किए गए।

**********

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग–यूपीपीएससी ने राजकीय विद्यालयों में सहायक अध्यापक प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी–एलटी ग्रेड भर्ती–दो हजार पचीस की घोषणा कर दी है। यह भर्ती पुरूष और महिला वर्ग के सात हजार चार सौ छाछठ पदों के लिये की जायेगी। आयोग परीक्षा से सम्बन्धित विस्तृत विज्ञापन अट्ठाइस जुलाई को अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर जारी करेगा, जिसके साथ ही ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया भी शुरू हो जायेगी।

**********

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को कल मानहानि के मामले में लखनऊ की एमपी–एमएलए अदालत से जमानत मिल गई। यह मामला वर्ष दो हजार बाईस की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सेना के बारे में उनकी टिप्पणी से जुड़ा है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आलोक वर्मा ने राहुल गांधी को इस शर्त पर जमानत दी कि वे बीस हजार रुपये के निजी मुचलके और उतनी ही राशि के दो जमानतदार प्रस्तुत करेंगे। मामले की अगली सुनवाई तेरह अगस्त को होगी।

**********

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण–यूआईडीएआई ने माता–पिता और अभिभावकों से सात वर्ष तक के बच्चों का अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट कराने का आग्रह किया है। प्राधिकरण ने कहा है कि वर्तमान दिशा–निर्देश के अनुसार पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों के उंगलियों के निशान या आखों का स्कैन देने की आवश्यकता नहीं है। एक बार जब बच्चा पांच वर्ष का हो जाता है, तो इन बायोमेट्रिक्स को अपडेट किया जाना चाहिए। पांच से सात वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों के लिए यह प्रक्रिया निरू शुल्क है।

**********

रेलवे ने यात्रियों के हित में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**रेलवे ने ट्रेनों में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अनारक्षित कोच में एक सौ पचास यात्रियों को ही टिकट देने का निर्णय लिया है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर इस पायलट प्रोजेक्ट का ट्रायल भी शुरू हो चुका है। इसके अलावा एसी और स्लीपर ट्रेन के लिए जारी होने वाले टिकटों की संख्या भी तय कर दी गई है। वहीं, तत्काल टिकट बुकिंग में पारदर्शिता लाने के लिए कल से ओटीपी व्यवस्था भी लागू कर दी गई। इसके तहत आईआरसीटीसी की वेबसाइट या ऐप पर तत्काल टिकट बुक कराने के लिए आधार ओटीपी अनिवार्य हो चुकी है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से मैं अरुण।**

**********

प्रदेश के विभिन्न जिलों में हुयी भारी बारिश के कारण कई नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। बदायूं, गाजीपुर और बलिया में गंगा तथा बाराबंकी में घाघरा नदी खतरे के निशान के पास पहुंच गयी है। सम्बन्धित जिलों में प्रशासन की ओर से बाढ़ बचाव से जुड़ी तैयारियां तेज करने के साथ ही बन्धों आदि की निगरानी बढ़ा दी गयी है। गाजीपुर के अपर जिलाधिकारी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि गंगा का जलस्तर दो सेंटीमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है। प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। उधर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के कई मंत्री अलग–अलग जिलों का दौरा कर बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने के साथ–साथ और बचाव की तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं। इसी क्रम में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कल चित्रकूट और बाँदा का निरीक्षण कर बाढ़ प्रभावित लोगों का हाल जाना।

वहीं, मौसम विभाग की ओर से अगले दो दिनों तक प्रदेश के कई पूर्वी और पश्चिमी इलाकों में गरज–चमक के साथ भारी बारिश की सम्भावना जतायी गयी है।

**********

विश्व भोजपुरी सम्मेलन के राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव रह चुके वरिष्ठ साहित्यकार डॉक्टर अरूणेश नीरन का कल देर रात निधन हो गया। देवरिया के रहले वाले स्वर्गीय नीरन अस्सी वर्ष के थे और काफी समय से बीमार थे।

**********